Orientation cum Induction Programme for Newly Admitted Students for Academic Session 2025-26

दैनिक जागरण धर्मशाला, 29 जून, 2025

जागरण ि

अब आर्थिक कारणों से नहीं छूटेगी विद्यार्थियों की पढ़ाई

राजकीय महाविद्यालय सलूणी में छात्र सहायता प्रकोष्ठ करेगा मदद

संवाद सहयोगी, जागरण • सलूणी : राजकीय महाविद्यालय सलूणी में पढ़ाई करने की चाह रखने वाले विद्यार्थियों को अब आर्थिक कारणों के चलते दाखिला लेने में किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। ऐसे विद्यार्थियों की सहायता महाविद्यालय में छात्र सहायता प्रकोष्ठ के माध्यम से की जाएगी।

करियर काउंसलिंग एंड गाइडेंस सेल ने महाविद्यालय में प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए शनिवार को ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रवक्ताओं ने प्रथम वर्ष के छात्रों को महाविद्यालय में आयोजित की जाने वाली विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों, परीक्षा प्रणाली, साहित्यिक एवं खेलकूद गतिविधियों, छात्रवृत्ति योजनाओं तथा एंटी रैगिंग सहित अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर जानकारी दी।

साथ ही विद्यार्थियों को अवगत कराया गया कि यदि कोई छात्र आर्थिक कारणों से महाविद्यालय में प्रवेश नहीं ले पा रहा है तो उसकी प्रकोष्ठ के माध्यम से पूरी मदद की जाएगी। अब

राजकीय महाविद्यालय सलूणी में प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए आयोजित ओरिएंटेशन व इंडक्शन कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी • जागरण

किसी भी छात्र को आर्थिक कारणों से पढ़ाई नहीं छोड़नी पड़ेगी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों ने अपने-अपने विषय की जानकारी के साथ-साथ चयनित विषय में करियर उपलब्धियों के बारे में बच्चों को जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम का संचालन करियर काउंसलिंग एंड गाइडेंस सेल के संयोजक पंकज कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि कई विद्यार्थी ऐसे होते हैं, जिनके परिवार की आर्थिक स्थिति बेहतर नहीं होने के कारण स्कूल के बाद आगामी पढ़ाई को सुचारू रखना मुश्किल हो जाता है। इस प्रकार के छात्र-छात्राओं की मदद की जाएगी। यदि छात्र-छात्राओं को किसी प्रकार की समस्या पेश आती है तो उसे प्रमुखता के साथ उठाएं, ताकि समय रहते समस्या का समाधान किया जा सके। इस अवसर पर प्राध्यापकों में पिंकी देवी, डा. सौरभ मिश्रा, गुरदेव, दिनेश कुमार तथा शुभम डोगरा सहित [illegible] वर्ष के छात्र उपस्थित रहे।

चंबा बाजार के भाव

फ़ेद चने	120–140
जमाह	125–145
ाले चने	80–95
री मूंगी	95–100
ली मूंगी	100–110
ाज	30–40
नस्पति घी	120 –145
सी घी	590–650
रसों का तेल	155–165
नी	44.80

व : रुपये प्रति किलो

डा 510 रुपये प्रति सैकड़ा।

क नजर में

श में राजनीतिक पार्टियों रिवारवाद चरम सीमा : कल्याण

गड़ा : आम आदमी पार्टी के ता कल्याण भंडारी ने कहा कि नीतिक पार्टियों में परिवारवाद चरम पर है। स्वास्थ्य मंत्री कर्नल ाम शांडिल का एक सार्वजनिक

प्रतियोगिता स्कोरर दर्शन सिंह चौहान और अबू ने दो-दो विकेट हासिल दौर में प्रवेश किया।

विद्यार्थियों को एंटी रैगिंग और परीक्षा प्रणाली पर किया जागरूक

संवाद न्यूज एजेंसी

सलूणी (चंबा)। राजकीय महाविद्यालय में करियर काउंसलिंग एंड गाइडेंस सेल ने प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया।

प्रवक्ताओं ने विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों, परीक्षा प्रणाली, साहित्यिक एवं खेलकूद गतिविधियों, छात्रवृति योजनाओं और एंटी रैगिंग सहित अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर जानकारी दी। साथ ही अवगत करवाया कि यदि कोई विद्यार्थी आर्थिक कारणों से महाविद्यालय में प्रवेश नहीं ले पा रहा है, तो उसकी सहायता छात्र सहायता प्रकोष्ठ के माध्यम से की जाएगी।

किसी भी विद्यार्थी को आर्थिक कारणों से पढ़ाई नहीं छोड़नी पड़ेगी। सभी प्राध्यापकों ने अपने-अपने विषय की जानकारी के साथ-साथ चयनित विषय में करियर उपलब्धियों के बारे में बच्चों को जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम का संचालन सेल के संयोजक पंकज कुमार ने किया । इस उपलक्ष्य पर पिंकी देवी, डॉ. सौरभ मिश्रा, गुरदेव, दिनेश कुमार, शुभम डोगरा सहित अन्य उपस्थित रहे।